भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1926

जिसका उत्तर दिनांक 05.08.2021 को दिया जाना है

मुजफ्फरपुर में कैंसर अस्पताल

1926# श्री सुशील कुमार मोदी :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार के मुजफ्फरपुर में टाटा मेमोरियल अस्पताल के सहयोग से निर्माण किए जाने वाले कैंसर अस्पताल की लागत क्या है, इनमें से कौन-कौन से विभाग कार्यशील होंगे;

(ख) क्या अस्पताल में अस्थायी आधार पर चिकित्सा सेवाएं तुरंत शुरू कर दी गई हैं, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान और वर्ष 2021-22 के लिए कितना बजटीय प्रावधान किया गया तथा प्रति वर्ष कितना व्यय किया गया है; और

(घ) क्या सरकार इस वर्ष निविदा आमंत्रित करके कार्य प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) परमाणु ऊर्जा विभाग (भारत सरकार) ने मुजफ्फरपुर में शल्य कर्करोग विज्ञान (सर्जिकल ऑनकोलॉजी), चिकित्सीय कर्करोग विज्ञान, विकिरण कर्करोग विज्ञान, रेडियोलॉजी, प्रयोगशाला सेवाओं, निवारक कर्करोग विज्ञान और प्रशामक देखभाल (पेलिएटिव केअर) जैसे कर्करोग (कैंसर) के उपचार के लिए सुविधाओं सहित कैंसर अस्पताल की स्थापना हेतु ₹198.15 करोड़ की मंजूरी दी है ।

(ख) जी, हां । मुख्य अस्पताल भवन के कमीशनन होने में कुछ और समय लग सकता है । इसलिए, श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सहयोग से एक मॉडयूलर अस्पताल फरवरी, 2021 में स्थापित किया गया है । यह मॉडयूलर अस्पताल निवारक कर्करोग विज्ञान, प्रशामक देखभाल, शल्य कर्करोग विज्ञान, चिकित्सीय कर्करोग विज्ञान, प्रयोगशाला सेवाएं जैसी विभिन्न सेवाएं प्रदान करता है । दिनांक 27.07.2021 को, 758 मरीजों का पंजीकरण किया गया है, 200 शल्य चिकित्साएं की गईं और 1000 से अधिक मरीजों को रसोचिकित्सा (कीमोथेरेपी) दी गई । इसके अतिरिक्त एक कार्यात्मक जनसंख्या आधारित रजिस्ट्री और निवारक कर्करोग विज्ञान कार्यक्रम पिछले 3 वर्षों से चल रहा है ।

(ग) पिछले तीन वर्षों और वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान किए गए बजटीय प्रावधान और प्रतिवर्ष हुए व्यय का विवरण निम्नलिखित है :

(रूपये करोड़ में)

वित्तीय वर्ष	बजटीय आकलन	व्यय
2018-19	2.00	1.82
2019-20	2.00	0.17
2020-21	0.00	0.67
2021-22	5.42	1.29
कुल	9.42	3.95

बजटीय प्रावधान और व्यय कम है क्योंकि मुख्य अस्पताल का अभी तक कमीशनन होना है । वर्तमान में प्राप्त दान और श्री कृष्णा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सहयोग के माध्यम से शल्य चिकित्सा सेवाएं और अंतरंग रोगी (इनडोर) सेवाएं, बहिरंग रोगी (आउटपेसेंट) सेवाएं, चिकित्सीय कर्करोग विज्ञान, फार्मेसी और प्रशासनिक सेवाएं चल रही हैं ।

(घ) जी, हां ।

* * * * *